# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
## जिला-दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
(दूरभाष नं./ फैक्स :- 07856-252398, Email - deo-dantewada.cg@gov.in)


चुनई चिरई

क्रमांक/1259 /वि.स.निर्वा./स्था./ला.मा.टे./2023 दन्तेवाड़ा, दिनांक : 12.10.2023

## --:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

विधानसभा निर्वाचन-2023 निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-88 दन्तेवाड़ा(अ.ज.जा.) हेतु लाईट, माई एवं टेन्ट अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु मोहर बंद निविदाएं दिनांक 18/10/2023 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदा आगामी 01 वर्ष तक लागू रहेगी। इच्छुक निविदाकार निविदा से संबंधित शर्तें तथा आवेदन फॉर्म दिनांक 12/10/2023 से 17/10/2023 को कार्यालयीन अवधि में तथा दिनांक 18/10/2023 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दन्तेवाड़ा (सामान्य निर्वाचन) जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.) से रूपये 500.00 नगद जमाकर अथवा **चालान "शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं, 02-निर्वाचन 101-निर्वाचन फार्म बिक्री"** के अंतर्गत शासकीय खजाने में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा दो पृथक-पृथक लिफाफा-ए-तकनीकी प्रस्ताव एवं लिफाफा-बी वित्तीय प्रस्ताव (दर) लिफाफा-सी में भरकर दिनांक 18/10/2023 तक दोपहर 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय कलेक्टर (निर्वाचन शाखा) जिला दन्तेवाड़ा में जमा करना होगा। नियत समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 18/10/2023 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जावेगी, जिसमें निविदाकार या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते हैं। निविदा आवेदन पत्र, प्रारूप एवं निविदा शर्तों से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कार्यालयीन समयावधि में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल में स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में कर सकते है, अथवा जिले की वेबसाईट **www.dantewada.gov.in** पर अवलोकन कर सकते है।

**अध्यक्ष**
**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स)**
**एवं लाईट माईक टेंट समिति**
**जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
## जिला–दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

(दूरभाष नं./ फैक्स :- 07856-252398, Email - deo-dantewada.cg@gov.in)


## -: निविदा की शर्ते :-

(1) इच्छुक फर्म को रूपये 15,000=00 (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) (एफ.डी.आर.) धरोहर राशि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के नाम जमा करना होगा।

(2) सामग्रियों का आवश्यकतानुसार विभागीय अधिकारी के निर्देशानुसार संपादन करना होगा।

(3) निर्वाचन में अच्छी किस्म की एवं आवश्यक पूर्ण मात्रा की सामग्रियाँ प्रदाय एवं उपयोग करना होगा।

(4) यह महत्वपूर्ण कार्य होने के कारण कोई भी ढिलाई या त्रुटि नहीं होना आवश्यक है।

(5) कार्यपूर्ण नहीं कर सकने की स्थिति में एफ.डी.आर. की राशि राजसात करते हुए काली सूची में नाम अंकित किया जावेगा।

(6) न्यूनतम दर अंकित करने वाले (अनुबंधित) फर्म को समयावधि में कार्य पूर्ण करना होगा।

(7) कार्यस्थल पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य है।

(8) निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकार/इवेंट मेनेजमेंट फर्म/कंपनी/साझेदारी फर्म/एल.एल.पी को (टेंट, विद्युत् सामग्री, साउंड सिस्टम, साफ़ सफाई एवं रख रखाव) शासकीय विभागों (न्यूनतम 100 लाख का कार्य किए जाने) के लिए सामग्री एवं सेवा प्रदाय करने न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उपरोक्त के संबंध में सक्षम अधिकारी का प्रमाण.पत्र/कार्यादेश/बिल वाउचर की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

(9) निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकार/इवेंट मेनेजमेंट फर्म/कंपनी/साझेदारी फर्म/एल.एल.पी को पिछले 5 वर्षों में विधानसभा या लोकसभा चुनाव के लिए कम से कम 4 जिलों के लिए सेवाएं (जैसे टेंट, विद्युत् सामग्री, साउंड सिस्टम आदि) प्रदान करने का अनुभव होना चाहिए, ऐसे एकल कार्य की लागत 50 लाख रुपये या अधिक होनी चाहिए। उपरोक्त के संबंध में सक्षम अधिकारी का प्रमाण.पत्र/कार्यादेश/बिल वाउचर की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

(10) निविदाकार की ग्रास नेटवर्थ पाजीटिव एवं एजेंसी/फर्म का पिछले तीन वर्षों (2019–20, 2021–22 एवं 2022–23) में से लगातार तीन वर्षों में औसत टर्नओवर 3 करोड़ होना चाहिए। इस हेतु विगत तीन वर्ष की एवं सी.ए. सर्टिफाइड टर्नओवर सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें, जिसमें GST नम्बर का उल्लेख हो।

(11) विगत 3 वर्षों की दाखिल की गई आयकर रिटर्न की स्व हस्ताक्षरित प्रति, पेन नंबर की प्रति प्रस्तुत की जावें। पंजीकरण की स्व हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(12) निविदाकार हेतु छत्तीसगढ़ का 3 वर्ष पुराना जीवित GST पंजीकरण होना अनिवार्य है, PAN की स्व हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(13) निविदा / रेट कांट्रेक्ट का क्षेत्र दन्तेवाड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाकार निविदा पूर्व वे जिस जिलें के लिए निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं उस ज़िलें में सेवा देने समस्त संभावनाओं के सम्बन्ध में स्वयं पूर्व से ही सुनिश्चित हो जाने उपरांत ही उस जिलें के सन्दर्भ में फाईनेंशियल बिड अनुलग्नक–1 में रेट कोट करेगा। उक्त निविदा में अंकित रेट स्पष्ट रूप से सम्बंधित जिलें के अंतर्गत समस्त स्थानों में प्रभावशील रहेगा।

(14) कोई निविदाकार प्रत्येक जिलें के लिए केवल एक निविदा कर सकेगा परन्तु किसी निविदाकार के एक से अधिक जिलें के सम्बन्ध में निविदा किए जाने ऐसी कोई रोक नहीं है। वे चाहें तो एक से अधिक जिलें के लिए अपनी निविदा उक्त ज़िले में प्रस्तुत कर सकते है। निविदाकार रेट वित्तीय बोली पत्रक में अंकित कर सकते हैं। परंतु ई.एम.डी. एवं परफार्मेस सिक्यूरिटी डिपोजिट शुल्क (अनुबंध के समय) पृथक देय होगी जबकी टी.पी.एफ. किसी निविदाकार को केवल एक बार देय होगा।

(15) निविदा में स्वीकृत दर परिवहन टेन्ट हाउस लगाने एवं निकालने स्थान साफ करने सहित सभी करों एवं चुंगी इत्यादि मिलाकर है। स्वीकृत दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी भुगतान मान्य नहीं किया जावेगा। टेंट हाउस सामग्री का किराया एक दिन (24 घंटे) के मान से ही मान्य किया जावेगा भले ही टेंट स्थापना में एक दिन से अधिक समय लगे। केवल ऐसी स्थिति में जबकि शासकीय कार्यक्रम एक से अधिक दिन के लिए टेंट सामग्री की मांग लिखित सूचना द्वारा दी जावेगी ऐसी ही परिस्थिति में मांग किए गए समय के अनुसार अतिरिक्त दिनों का किराया मान्य किया जावेगा। अतिरिक्त दिनों की गणना निम्नानुसार की जावेगी।

टेंट, लाईट, माईक, पंडाल आदि की तैयारी हेतु लगने वाले समस्त सामग्रियों के किराया का भुगतान प्रति यूनिट/प्रतिदिन के आधार पर होगा, परन्तु एक से अधिक दिन रहने की स्थिति में दूसरा दिन के लिए किराया भुगतान दर दैनिक दर के 50% (पचास प्रतिशत)। एक दो दिवस रहने की स्थिति में अन्य दिवसों के लिए प्रतिदिन किराया दैनिक दर के 25% (पच्चीस प्रतिशत) रहेगा।

(16) निविदा एवं भण्डार क्रय नियम 2002 में निहित समस्त शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(17) विवाद की स्थिति निर्मित होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दन्तेवाड़ा का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**अध्यक्ष**
**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स)**
**एवं लाईट माईक टेंट समिति**
**जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**